आईआईएम रांची के इंटरेक्शन प्रोग्राम में केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने कहा

जॉब क्रिएटर बनें मैनेजमेंट स्टूडेंट्स

मंत्री ने पूछा : अपने करियर डेवलपमेंट के बारे में सुनना चाहेंगे या देश के विकास में आपकी भूमिका पर बात करूं?

स्टूडेंट्स ने जवाब दिया : देश और राज्य के विकास में हम कैसे भूमिका निभा सकते हैं, इस बारे में बताएं।

Minister Interact With IIM Students

सिटी रिपोर्टर | रांची

केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपने करियर डेवलपमेंट के बारे में सुनना पसंद करेंगे या देश के विकास में आपकी क्या भूमिका होनी चाहिए इस बारे में बात करूं इस पर सभी विद्यार्थियों ने कहा कि देश के विकास में हमारी भूमिका के बारे में बताएं। इस पर मंत्री ने कहा मुझे उम्मीद थी कि आप अपने करियर के बारे में बात करेंगे, लेकिन देश के डेवलपमेंट की बात कह आपने मेरा दिल जीत लिया। आप जैसे छात्र-छात्राओं पर देश को गर्व है। जयंत सिन्हा शनिवार को आईआईएम रांची के नए बैच के स्टूडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इसमें स्टूडेंट्स ने कई सवाल किए। मंत्री ने सहजता और सरलता से जवाब दिया। इससे पहले आईआईएम रांची के डायरेक्टर डॉ. शैलेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया।

जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रबंधन की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स जॉब क्रिएटर बनना होगा। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को आपके माध्यम से जॉब मिल सके। यह देखिए कि कम संसाधन में भी तेज विकास कैसे हो सकता है।

कृषि में कौशल विकास पर काम करें युवा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रुरल इकोनॉमी डेवलप करेगी तभी देश आगे बढ़ेगा। डेयरी प्रोडक्शन, फार्म सेट-अप की बात की। कहा कि स्टूडेंट्स एग्रीकल्चर में ऐसा सप्लाई चेन डेवलप करें जिसका फायदा किसानों को हो। ऐसी व्यवस्था करें कि किसान को अधिक से अधिक लाभ हो। एग्रीकल्चर में स्किल डेवलपमेंट की ओर आगे बढ़ा जाए। इसमें मैनेजमेंट के छात्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। सिविल सेवा में भी जाते हैं तो वहां भी आपके लिए इस क्षेत्र में काम करने के लिए बहुत अवसर मिलेंगे।

Dainik Bhaskar, 24.06.2018, Pg. 1